भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3346**
**28 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए**

**ओडिशा के केंद्रपाड़ा स्थित आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील फैक्टरी**

**3346 डा. सस्मित पात्राः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के महाकालपाड़ा में स्थित आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील फैक्ट्री की वर्तमान स्थिति, जिसमें इसकी संचालनात्मक स्थिति और किसी भी प्रकार के हालिया विकास कार्य शामिल हैं, क्या है;

(ख) ओडिशा में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील फैक्ट्री में उत्पादन प्रारंभ होने की तिथि और संयंत्र की वर्तमान क्षमता क्या है;

(ग) ओडिशा में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील फैक्ट्री द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कितने रोजगार सृजित किए जाएंगे; और

(घ) महाकालपाड़ा में आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील फैक्ट्री की स्थापना और संचालन में कोई चुनौतियां या देरी आई है और इन मुद्दों को हल करने और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और इस्पात मंत्रालय एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करता है। इस्पात संयंत्र की स्थापना के संबंध में निर्णय उद्योग द्वारा तकनीकी-वाणिज्यिक सोच विचार के आधार पर लिया जाता है जिसमें कच्चे माल की उपलब्धता, बंदरगाह से दूरी, लॉजिस्टिक आदि शामिल हैं।

*****